# बिहार सरकार
## जल संसाधन विभाग
## कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
## पश्चिमी कोशी नहर प्रमण्डल, सकरी

पत्रांकः 122 / सकरी / दिनांकः 23.01.2024 /

### अति–अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना संख्या–10 / 2023–24

1. कार्य का विवरण –

| ग्रुप सं० | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि (रू0 में) | अग्रधन की राशि (रू0 में) | परिमाण विपत्र का मूल्य (रू0 में) (अप्रत्यर्पणीय) | कार्य पूरा करने की तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 01 | 02 | 03 | 04 | 05 | 06 |
| 01. | कोशी कालोनी, सकरी के आवाशीय परिसर के अंतर्गत तीन अदद आवास (F2, F6, C-Type) एवं एक अदद शौचालय का मरम्मति कार्य | **1,93,201.00** | **3900.00** | **500.00** | **28.02.2024** |
| 02 | निरीक्षण भवन में 2 कमरा का मरम्मति, रंगाई, टाईल्स एवं ग्रिल लगाने का कार्य। | **5,01,910.00** | **10100.00** | **1250.00** | **28.02.2024** |

2. निविदा आमंत्रण सूचना निर्गत करने की तिथि : दिनांक **23.01.2024**
3. निविदा प्रपत्र बिक्री की तिथि : दिनांक **02.02.2024** से दिनांक **05.02.2024** के **5.00** बजे अपराह्न तक।
4. निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय : दिनांक **06.02.2024** समय **3.00** बजे अपराह्न तक।
5. तकनीकी बिड खोलने की तिथि एवं समय : दिनांक **06.02.2024** समय **3.30** बजे अपराह्न।
6. वित्तीय बिड खोलने की तिथि एवं समय : सक्षम पदाधिकारी द्वारा बाद में घोषित की जायेगी
7. निविदा प्रपत्र बिक्री का कार्यालय :
   1. कार्यपालक अभियंता, आयोजन एवं मोनिटरिंग प्रमंडल, दरभंगा।
   2. कार्यपालक अभियंता, पश्चिमी कोशी नहर प्रमण्डल, सकरी
   3. अधीक्षण अभियंता, पश्चिमी कोशी नहर अंचल, दरभंगा
8. निविदा प्राप्ति का स्थान : क्रमांक 7 के सभी कार्यालय में।
9. विज्ञापनदाता का पदनाम एवं पता : कार्यपालक अभियंता, पश्चिमी कोशी नहर प्रमण्डल, सकरी।
10. निविदा से संबंधित विस्तृत शर्त, नियम, अर्हता, अग्रधन का स्वरूप, निविदा की प्रक्रिया एवं अन्य जानकारी के लिए निविदा प्रपत्र बिक्री का कार्यालय से सम्पर्क किया जा सकता है।

23.01.24

**कार्यपालक अभियंता**
**पश्चिमी कोशी नहर प्रमण्डल, सकरी**
**मोबाईल नं०– 9304651816**

23.01.2024 23/01/2024

## निविदा की शर्तें

11. निविदा प्रपत्र वर्णित मूल्य के बैंक ड्राफ्ट जो कार्यपालक अभियंता, पश्चिमी कोशी नहर प्रमंडल, सकरी के पदनाम से भारतीय स्टेट बैंक, मधुबनी में भुगतेय हो, के रूप में भुगतान करने पर प्राप्त होगा। निविदा प्रपत्र का मूल्य लौटाया नहीं जायेगा। निविदाकार को समुचित श्रेणी में निबंधन से संबंधित अद्यतन निबंधन प्रमाण पत्र बैंक ड्राफ्ट के साथ समर्पित करना होगा।

12. निविदा सूचना में उल्लेखित अग्रधन की राशि अनुसूचित बैंक फिक्स्ड डिपॉजिट का रसीद जो निविदा प्राप्ति के अंतिम तिथि के छः (6) माह बाद तक मान्य हो/डाकघर का बचत पासबुक/एक वर्षीय, दो वर्षीय या तीन वर्षीय डाक घर सावधि जमा पासबुक/बिहार राज्य के अन्तर्गत निर्गत राष्ट्रीय बचत प्रमाण पत्र/अथवा बिहार लोक निर्माण विभाग संहिता/वित्त नियमावली में प्रावधानित किसी भी रूप में कार्यपालक अभियंता, पश्चिमी कोशी नहर प्रमण्डल, सकरी के पदनाम से विधिवत प्रतिज्ञिप्त (**Pledged**) कर निविदा दस्तावेज के साथ संलग्न करना होगा। ऐसा नहीं करने पर निविदा मान्य नहीं होगा।

13. अधोहस्ताक्षरी को बिना पूर्व सूचना के एवं बिना कारण बताये निविदा रद्द/ विस्तारित करने का अधिकार सुरक्षित रहेगा।

14. निविदादाता निविदा डालने के पूर्व कार्यस्थल का निरीक्षण अवश्य कर लें। निविदादाता कार्यस्थल का निरीक्षण के उपरान्त एवं इसके सभी पहलुओं से अवगत होने के उपरान्त ही अपना दर अंकित करेंगे। निविदा डालने के बाद अथवा कार्य करने के दौरान कार्य स्थल की स्थिति से अवगत नहीं होने के फलस्वरूप कोई भी दावा मान्य नहीं होगा।

15. निविदाकार को दो मुहरबंद (लाह/चपड़ा से सील) लिफाफे में क्रमांक 01 एवं 02 जिसमें क्रमशः प्री–क्वालिफिकेशन बीड (तकनीकी बीड) तथा वित्तीय बीड (**Financial Bid**) रहेगा के रूप में समर्पित करना होगा। निविदा खोलने की तिथि को क्रमांक 7 में उल्लेखित सभी कार्यालयों से प्राप्त प्री–क्वालीफिकेशन बीड वाले लिफाफे को ही खोला जायेगा। प्री–क्वालीफिकेशन बीड के सफल निविदाकारों के दूसरे लिफाफा (जिसमें प्राईस बीड रहेगा) को बाद में सक्षम पदाधिकारी द्वारा निविदाकारों को सूचित कर निर्धारित तिथि को खोला जायेगा।

16. सशर्त निविदा मान्य नहीं होगा।

17. कार्य की प्राक्कलित राशि एवं मात्रा में घटोत्तरी एवं बढ़ोत्तरी हो सकती है। तदनुसार अग्रधन की देय राशि संशोधित समझी जायगी।

18. संवेदक के विपत्र से 1% (एक प्रतिशत) शेष की राशि भवन एवं सन्निमार्ण कर्मकार कल्याण बोर्ड मद हेतु एवं नियमानुसार जी. एस.टी, आयकर, रायल्टी एवं मालिकाना फीस की कटौती की जायेगी।

19 माननीय उच्च न्यायालय के निर्णय के अनुसार विभागीय पत्रांक 1/PMC/ न्यायालय/01/2022–536, दिनांक–18.07.2023 लागू होगा।

20. निविदित दर **Serious unbalanced rate** होने की स्थिति में **Additional Performance guarantee,** पथ निर्माण विभाग, पटना के पत्रांक–448 (**S**), एवं पत्रांक–449 (**S**) दिनांक–16.01.2020 के अनुसार जमा करना होगा एवं निविदित दर की अधिसीमा नहीं रहेंगी।

21. निविदादाता को प्री–क्वालीफिकेषन बीड के साथ निम्नलिखित दस्तावेज देना अनिवार्य है।
   - (क) निविदादाता को समुचित श्रेणी में जिला मधुबनी में निबंधित होने का प्रमाण पत्र की अभिप्रमाणित प्रति समर्पित करना अनिवार्य होगा।
   - (ख) निविदा सूचना में अंकित अग्रधन की राशि समुचित रूप में समर्पित करना अनिवार्य है।
   - (ग) जी0एस0टी0 रेजिस्ट्रेशन की अभिप्रमाणित प्रति निविदा के साथ संलग्न करना अनिवार्य होगा।
   - (घ) पैन कार्ड की अभिप्रमाणित प्रति निविदा के साथ संलग्न करना अनिवार्य होगा।

(ड) निम्न आशय का शपथ पत्र (Affidavit) जो कार्य विशेष के लिए निविदा निर्गत की तिथि एवं निविदा प्राप्ति की तिथि के बीच निर्गत हो, मूल में निविदा के साथ समर्पित करना होगा, जो इस प्रकार है–

"I, the undersigned, do here by certify that all the statements made in the required attachments are true and correct, and if found fake/forged, the undersigned will be liable to be inflicted upon the FIR and lawful punishment as well as black listing."

22. बिहार सरकार / जल संसाधन विभाग, बिहार सरकार द्वारा समय–समय पर निर्गत अधिसूचना / आदेश निविदा के शर्त्तों के लिए मान्य होगा ।

23. तकनीकी बीड में कई सफल निविदादाताओं का समान न्यूनतम निविदित दर की स्थिति में सफल निविदादाता का चयन बिहार लोक निर्माण विभाग संहिता के अनुरूप लॉटरी के माध्यम से किया जायेगा।

24. कार्य का एकरारनामा पी0डब्लू0डी0 फार्म एफ–2 (कंडिका 23 विलोपित) पर किया जायेगा।

25. निविदा स्वीकृत होने पर एकरारनामा की राशि के **5%** (पाँच प्रतिशत) के समतुल्य राशि जमानत की राशि के रूप में एकरारनामा के समय जमा करना होगा। इस राशि में निविदा के समय समर्पित **2%** (दो प्रतिशत ) अग्रधन की राशि सम्मिलित रहेगी।

26. जिला पुलिस से निर्गत चरित्र प्रमाण पत्र की अभिप्रमाणित प्रति निविदा के समय जमा करना अनिवार्य होगा।

ह0/-
**कार्यपालक अभियंता**
**पश्चिमी कोशी नहर प्रमण्डल, सकरी**
**मोबाईल नं०– 9304651816**

पत्रांकः 122 / सकरी / दिनांकः 23.01.2024 /

प्रतिलिपिः जन सम्पर्क पदाधिकारी जल संसाधन विभाग,सिंचाई भवन पटना को सूचना की प्रतियां एवं एक सी0डी0 के साथ लोकप्रिय दैनिक समाचार पत्र (स्थानीय एवं राज्यस्तरीय) में प्रकाशन हेतु समर्पित।

23.01.24

**कार्यपालक अभियंता**
**पश्चिमी कोशी नहर प्रमण्डल, सकरी**
**मोबाईल नं०– 9304651816**

23.01.2024 23/01/2024